**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 26.09.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा विविधता, मांग और नवाचार के कारण भारत आज विश्व में सबसे आकर्षक निवेश गंतव्य है।
- द्वीपसमूह में भारत डिजिटल मिशन की चौंथी वर्षगांठ कल मनाई जाएगी।
- दुर्गा पूजा को देखते हुए जहाजरानी सेवा निदेशालय द्वारा श्री विजयपुरम और डिगलीपुर के बीच अतिरिक्त जलयान सेवाओं की व्यवस्था की गई है।
- खराब मौसम के कारण भारतीय व्यंजन महोत्सव का निर्धारित कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विविधता, मांग और नवाचार के कारण भारत आज विश्व में सबसे आकर्षक निवेश गंतव्य है। नई दिल्ली में वर्ल्ड फूड इंडिया में श्री मोदी ने यह बात कही।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश में खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड फूड इंडिया एक नया केन्द्र बन गया है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। उन्होंने कहा कि छोटे किसान बाज़ार की एक बड़ी ताकत बन रहे हैं और सरकार ने इनकी सहायता के लिए कई नीतियां बनाई हैं।

<><><><><><><>

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दरों को कम करके, ये सुधार नागरिकों को काफी राहत पहुंचा रहे हैं। एक रिपोर्ट–

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में भारत डिजिटल मिशन की चौंथी वर्षगांठ कल मनाई जाएगी। 23 सितंबर को आयुष्मान भारत – प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना 7वीं वर्षगांठ मनाई गई, जिसके तहत कॉलेज विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम के अलावा अभिविन्यास सत्र और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान छात्रों के लिए 61 नए आभा कार्ड बनाए गए। इस वर्षगांठ का विषय 'सभी के लिए स्वास्थ्य' हैं।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास निदेशालय, पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकाय की ओर से स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' विषय के साथ वंडूर में समुद्र तट स्वच्छता और वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के अधिकारियों, कर्मचारियों, दक्षिण फाउंडेशन के सदस्यों, स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय निवासियों ने भाग लिया। इस दौरान, कुल 450 किलोग्राम प्लास्टिक और 50 किलोग्राम समुद्री कूड़ा समुद्र तट से

एकत्र किया गया। इस अवसर पर वन्यजीव संरक्षण निदेशक डॉ. अपूर्व शर्मा ने द्वीपों के तटीय पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा के लिए नियमित समुद्र तट सफाई, पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण अभियानों के महत्व पर ज़ोर दिया।

उधर, अभियान के दौरान मायाबंदर वन प्रभाग की ओर से विभिन्न तटों पर सफाई और वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में लगभग 1000 फलदार पौधे रोपे गए।

<><><><><><><>

आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव को देखते हुए जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से 30 सितम्बर और 2 अक्तूबर के लिए श्री विजयपुरम और डिगलीपुर के बीच अतिरिक्त जलयान सेवाओं की व्यवस्था की गई है। 30 सितंबर को जलयान श्री विजयपुरम से सुबह 7 बजे छूटेगा और उसी दिन रात्रि नौ बजे डिगलीपुर से वापसी करेगा। यात्री अपने टिकट ई–टिकटिंग पोर्टल या स्टार्स टिकटिंग काउंटर से आज सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे के बीच बुक कर सकते हैं।

<><><><><><><>

खराब मौसम को देखते हुए विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर कल प्रदर्शनी मैदान में आयोजित होने वाले भारतीय व्यंजन महोत्सव का निर्धारित कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है।

<><><><><><><>

निकोबार जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में हाल ही में जिलाव्यापी टीबी क्लिनिक का आयोजन किया गया। शिविर में संबंधित चिकित्सा अधिकारियों ने टीबी रोगियों की जाँच कर उन्हें उपचार और पौष्टिक आहार की जानकारी दी। इसके अलावा उन्हें निक्षय पोषण योजना से वित्तीय सहायता का उपयोग करने के तरीके के बारे में भी बताया गया। जिले भर में कुल 44 टीबी रोगियों चिकित्सकीय जाँच की गई।

<><><><><><><>

हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत, आज प्रशासन के विभिन्न कार्यालयों एवं अनुभागों के राजभाषा नोडल अधिकारियों तथा संबंधित कर्मचारियों के लिए हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में सुबह 10 बजे, से आयोजित इस कार्यशाला में राजभाषा विभाग सचिव मुख्य अतिथि होंगे।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के अंतर्गत कुछ स्थानों पर सूअर के उपद्रव के संबंध में नगरपालिका परिषद को यातायात और स्वच्छता सबंधी शिकायतें मिल रही है। इसे देखते हुए नगरपालिका परिषद ने आवासीय क्षेत्रों से सभी सूअर शेड को 3 दिनों के भीतर हटाने और ब्रुक्शाबाद में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया है। इन निर्देशों का उल्लंघन करने पर सूअर मालिकों के खिलाफ नगरपालिका उप–नियमों और अन्य लागू कानूनी प्रावधानों के अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

मुंबई में आयोजित राज्य स्तरीय रेड रिबन क्विज़ प्रतियोगिता में पीएम श्री मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मायाबंदर की छात्रा वाई. देवी और लक्षिता ने चौथा स्थान प्राप्त किया। उन्हें सांत्वना पुरस्कार के रूप में 10,000 रुपये का नगद पुरस्कार मिला। इस प्रतियोगिता में देश भर के राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता स्वास्थ्य एवं

परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन द्वारा देश के स्कूली छात्रों के लिए जागरूकता पहल और शैक्षिक गतिविधियों के रूप में आयोजित की गई थी।

<><><><><><><>

खादी ग्रामोद्योग की ओर से गांधी जयंती, दशहरा और दीपावली के अवसर पर, नवीनतम ब्रांडेड खादी डिज़ाइनर परिधानों पर 25 प्रतिशत की विशेष उत्सव छूट प्रदान किया जा रहा है। यह पहल खादी को भारत की परंपरा, आत्मनिर्भरता और सतत जीवन के प्रतीक के रूप में प्रचारित करने के लिए शुरू की गई है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत एक अंतर–विद्यालय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता "स्वच्छता की भागीदारी" विषय पर आयोजित की गई थी। इसमें विभिन्न आयु वर्ग के कुल 243 छात्रों ने भाग लिया। नगरपालिका परिषद बच्चों में स्वच्छता की भागीदारी की भावना को बढ़ावा देने और सामुदायिक कल्याण में स्वच्छता की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए सभी प्रतिभागी छात्रों और स्कूलों के प्रयासों की सराहना की।

<><><><><><><>